तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

12 अंडरब्रिज का रेलवे,नपा के अफसरों व ...

13 बलौदाबाजार-सुहेला मार्ग पर बढ़ा भारी वाहनों का...




## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**बलौदाबाजार।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में नगर भवन बलौदाबाजार में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दान दाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान जैसे नेक कार्य में अपना सहयोग करें जिससे जरूरतमंद के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक किया जाना है। शिविर में पुरुष अथवा महिला जिनकी आयु 18 से 65 वर्ष के बीच है तथा जिनका वजन 45 किलो या इससे अधिक हो साथ ही हिमोग्लोबिन कम से कम 12.5 ग्राम प्रति 100 मिली हो वह रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान के संबंध में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा भी है। एक पुरुष अथवा महिला के रक्तदान करने पर चार मरीजों की जान बचाई जा सकती है। वर्ष में कोई स्वस्थ व्यक्ति चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे शरीर में लगभग 5 लीटर रक्त होता है तथा एक समय में मात्र 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। रक्तदान करने से कोई भी शारीरिक कमजोरी नहीं आती बल्कि हमारा शरीर पुनः रक्त बना लेता है। रक्त की आवश्यकता सिकल सेल, एनीमिया, थैलेसीमिया, हिमोफीलिया, दुर्घटनाओं तथा अन्य बीमारियों के मरीजों को होती हैं।

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी लखन निवासी वार्ड 1 ने बताया कि 2 मई को वह बिहारी किराना दुकान से सामान खरीदकर घर जा रहा था, उसी समय करीबन 12 बजे स्विफ्ट कार क्र सीजी 06 3842 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से उसे ठोकर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गर्भवती से मारपीट

**महासमुंद।** गर्भवती महिला से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया पूजा चौहान निवासी वार्ड नं 14 पोटपारा बागबाहरा ने बताया कि 5 मई की 8.30 बजे घर में थी, उसी समय मोहल्ले का सूरज उर्फ सन्नी मानिकपुरी ने घर के दरवाजा के पास आकर पानी मांगा, पानी पीने के बाद वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा तथा दरवाजे के बाहर से ईंट से फेंक कर पेट में मार दिया। प्रार्थिया ने बताया कि वर्तमान में वह 4 माह की गर्भवती है। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जीजा ने की मारपीट

**महासमुंद।** मामूली विवाद को लेकर ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति के साथ उसके जीजा ने मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस को टेमेश्वर सिन्हा ने बताया कि 4 मई को उसके घर में छट्ठी का कार्यक्रम था। जिसमें उसके जीजा और दीदी आये थे। रात 8 बजे जब उसके मोहन जायसवाल प्रार्थी की दीदी को करीबन रात्रि 8 बजे घर ले जाउंगा कहने लगे तब उसने कहा कि अभी रात हो गई है रूक जाओ। लेकिन जीजा ने तुम कौन होते हो मुझे मना करने वाले कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जिले में मालवाहकों पर ढो रहे बाराती, हादसे को दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

मालवाहक वाहनों में नियम के अनुसार लोगों को सफर कराने पर पाबंदी है, परंतु कई बार परिस्थितिवश यह जोखिम भरा सफर करने के लिए विवश होना पड़ता है। खासकर गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को। हालांकि इस तरह मालवाहक वाहनों में क्षमता से अधिक लोगों के बैठने के चलते कई बार गंभीर हादसे भी चुके हैं, जिनमें जान तक चली गई है। बावजूद इसके मजबूरी एवं जोखिम का बंद नहीं हो रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में मालवाहक के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान में मजदूरी कराने मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया ▶▶ शेष पेज 13 पर

### भेड़ बकरियों की तरह भरते

बाराती, फसलों की बुवाई कटाई या फिर दूसरे जिले रोजी रोटी कमाने के लिए अक्सर मजदूर वर्ग के लोगों को ठेकेदारों द्वारा मालवाहकों में भेड़ बकरियों की तरह ठूंसकर भरकर ले जाने के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं।

### हादसे की चिंता न जान जाने का डर, मजबूरी व जोखिम का हो रहा सफर



### हो चुके हैं कई हादसे

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर वर्ग अक्सर मालवाहकों में ठूंस ठूंसकर सफर तय करते देखे जा सकते हैं। गरीब वर्ग के लोगों को पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा नहीं होने के चलते उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीण अंचलों में नजारे को देखकर लोगों के होश उड़ जाते हैं, जब ठूंस–ठूंस कर सवारियों को भरा जाता है।आटो, ट्रैक्टर व पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरने पर पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। हादसों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सवारी और लोडिंग वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

### ट्रैक्टर व पिकअप से बारातों का सफर

वैवाहिक सीजन में भी गरीब तबके के लोग ट्रैक्टरों व पिकअप के माध्यम से बारातों का सफर भी तय करते हैं। शादी विवाह के सीजन में अक्सर वाहन हादसाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती रहती है। दशकों बाद भी जिले के कुछ क्षेत्रों में आज तक बसों का संचालन नहीं होने से लोग तिपहिया वाहन या फिर लोडर वाहनों में सफर करने मजबूर है। दूसरी ओर श्रमिक वर्ग इस तरह का जोखिम भरा सफर करने मजबूर हैं। ठेकेदारों द्वारा मजदूरी कराने के लिए मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह लोडिंग वाहनों में ले जाते हैं। कई बार दुर्घटना होने के बाद पुलिस लीपापोती में जुट जाती है।

### नपा में लगा सुशासन तिहार का शिविर, सभी विभागों ने लगाए अपने-अपने स्टाल

# शहर में लगे समाधान शिविर में 297 आवेदन का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका बलौदाबाजार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले सहित पार्षदगण उपस्थित रहे। समाधान शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करना था। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मकानों की चाबियां सौंपी गईं, साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज भी वितरित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा जनहितकारी योजनाओं के सफल संचालन की सराहना की। उन्होंने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 21 से कुल 297 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिन पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, रोजगार, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस अवसर पर उप अभियंता विनोद यादव, डॉ. अविनाश केसरवानी, रजनीश वर्मा, युवा नेता राहुल सोनी, मयूर जैन, दामिनी वर्मा, अविनाश तिवारी, अरुणा सेंगर, प्यारे डहरिया, मनोरमा भगत, प्रेमलता साहू, मुकेश लहरे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### कोहरौद के हाई स्कूल में आज लगेगा समाधान शिविर

**मुंडा।** सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधा संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने 7 मई को ग्राम कोहरौद के हाई स्कूल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। नोडल अधिकारी योगेश खाडे एसडीओ आरईएस को बनाया गया है। ग्राम पंचायत कोहरौद क्लस्टर्स सेक्टर के अंतर्गत कारी बगबुडा खैढा बम्हनपुरी तुरमा खैरा कुम्हारी धाराशिव हरदी भालूकोना चितावर सहित 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। विदित हो कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायतों को क्लस्टर्स सेक्टर ग्राम बनाकर एवं नोडल अधिकारी नियुक्त कर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पांच मई को ग्राम पंचायत मरदा में समाधान शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शिक्षकों के रिक्त पदों पर की जाए शीघ्र भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- डी.एड अभ्यर्थियों ने सौंपा मांग पत्र

शिक्षक भर्ती 2023 के तहत सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग 1.2 अनुपात में कराए जाने की मांग को लेकर जिले के डी.एड अभ्यर्थियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल से सौजन्य मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने इस दौरान एक मांग पत्र सौंपते हुए अपनी समस्याओं और सुझावों से उन्हें अवगत कराया। अभ्यर्थियों ने बताया कि पूर्व में विज्ञापित 6285 सहायक शिक्षक पदों में से पांचवें चरण की काउंसिलिंग और नियुक्ति के बाद अब तक केवल 3979 पदों पर ही नियुक्ति हो पाई है। लगभग 2300 पद अब भी रिक्त हैं, जिन्हें 1 जुलाई 2025 तक पूर्ण करना नियमानुसार आवश्यक है। न्यायालयीन प्रक्रियाओं के कारण पूर्व के 984 पदों पर नियुक्ति लंबित है, जबकि पंचम चरण के 2621 पदों के सापेक्ष केवल 1299 पद ही भरे जा सके हैं। इस प्रकार कुल 2301 पद अभी भी रिक्त हैं। लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा 24 अप्रैल को जारी पत्र के अनुसार इन पदों पर छठवें चरण की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि पूर्व की काउंसलिंग में मेरिट सूची 1:1 अनुपात में तैयार की जाती थी, जो सत्यापन के अभाव में कई अपात्र अभ्यर्थियों को शामिल कर देती थी। इससे पात्र और योग्य अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया से वंचित रह जाते हैं। अतः इस बार काउंसलिंग प्रक्रिया 1:2 अनुपात में करने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल ने अभ्यर्थियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी मांगों को ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सड़क दुर्घटना का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- हादसे में दो युवकों की जान चली गई थी

ग्राम कुसमी–गिर्रा के बीच 29 अप्रैल रात 10.30 बजे मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा हुआ कि सूचना पर थाना पलारी से प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, आरक्षक सुमित कुमार भानु एवं जीयन वर्मा का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर दो व्यक्ति घायल अवस्था में पड़े थे, जिनको इलाज के लिए जाने के लिए पुलिसकर्मी एवं वहां पर खड़े अन्य वाहन चालकों द्वारा घायलों को इलाज हेतु गाड़ी में बैठाने में मदद किया जा रही थी, कि इसी बीच पलारी की ओर से आ रहे क्रूजर फोर्स वाहन क्र. सीजी 22 यू 0958 के चालक द्वारा घायलों की मदद कर रहे लोगों पर तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर फरार हो गया था।



मौके पर आहत सोनू चौहान की मृत्यु हो गई, वहीं अगले दिन एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था तथा 5–6 लोग घायल हो गए।

जिस पर थाना पलारी में धारा 281,125(ए),105 बीएनएस एवं 184 एमवी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द ▶▶ शेष पेज 13 पर

# किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए एकाग्रता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- सेवा केन्द्र में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता, कला, शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए ब्रह्म कुमारीज खरोरा के स्थानीय सेवा केन्द्र प्रभु उपहार भवन में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यता सम्पन्न समर कैंप में विभिन्न प्रकार के आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें चित्रकला, क्ले आर्ट, कहानी लेखन, वाद–विवाद क्राफ्ट मेकिंग काम्पिटिशन करवाया गया।





प्रतिदिन म्यूजिक के साथ डांस एरोबिक्स करवाये गये। समर कैंप के अंतिम दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ , जिसमें बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट, मेंडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

### मोबाइल व टीवी के लत से बचें बच्चे

संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी उमा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है, और यह क्षमता राजयोग के अभ्यास से आती है। ब्रह्माकुमारी संस्था चरित्र निर्माण के साथ बौद्धिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाने की शिक्षा देती है। वरिष्ठ नागरिक जगराखन धीवर ने उपस्थित माता–पिता को सचेत करते हुए कहा कि हम अपने बच्चों की पालन समझदारी से करें, जिससे कि वे कुसंग और दुर्व्यसनों से बचें। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा की प्रधान अध्यापिका सुशीला वर्मा ने मोबाइल व टीवी के लत से बचाने के लिए पालकों से अनुरोध किया।

### नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी

# 68 वाहनों का पुलिस ने काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- यातायात पुलिस ने 39 हजार का समन शुल्क वसूला

जिला यातायात पुलिस नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार छापामार कार्रवाई कर रही हैं, साथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 मई को यातायात पुलिस ने सड़क मार्ग पर दो–पहिया वाहन में तीन सवारी, मौके पर वाहन के कागजात प्रस्तुत नहीं करने, नो–पार्किंग में अपने वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5400 समन शुल्क वसूला। नो–पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 28 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8400 समन शुल्क वसूला एवं मौके पर वाहन के कागजात प्रस्तुत नहीं करने वाले 11 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3300 समन शुल्क वसूल किया गया है।



### सख्ती से की जा रही कार्रवाई

5 मई को पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 68 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 39 हजार का समन शुल्क वसूल किया। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा यातायात पुलिस यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

### खाद्य विभाग का सर्वर फेल

# 300 से अधिक हितग्राहियों को अप्रैल का नहीं मिला राशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

जिले में तकनीकी खामियों के कारण राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। रिसदा एवं मरदा ग्राम की उचित मूल्य की दुकानों में सर्वर फेल होने से 300 से अधिक राशन कार्डधारियों को अप्रैल माह का राशन नहीं मिल पाया। ग्रामीणों ने बताया कि सर्वर बार–बार धीमा पड़ने या पूरी तरह फेल होने से राशन वितरण का कार्य बाधित रहा। इससे कई परिवारों को आर्थिक और घरेलू परेशानियों का सामना करना पड़ा है। स्थानीय सेल्समैनों ने स्थिति को देखते हुए खाद्य विभाग को आवेदन देकर मांग की है कि प्रभावित हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। जिले की अनेक राशन ▶▶ शेष पेज 13 पर

# बार में मिल रही सभी ब्रांड की शराब, दुकानों से प्रचलित ब्रांड गायब, बीयर भी चुनिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब की तस्करी रोकने शासन स्तर पर जहां एक ओर कीमत कम की गई है, वहीं सभी दुकानों में शराब का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने आबकारी विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके विपरीत राजधानी की ज्यादातर शराब दुकानों में प्रचलित ब्रांड की शराब तथा बीयर का टोटा है। बार में सभी तरह की बियर तथा व्हिस्की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

शहर की अलग-अलग शराब दुकानों का जायजा लेने पर कुछ चुनिंदा दुकानों में मैकडॉवेल, नंबर वन जैसे प्रचलित ब्रांड की उपलब्धता तो है, लेकिन मांग के अनुरूप स्टॉक नहीं है। इस संबंध में शराब दुकान के कर्मचारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्रांड की सूची वे संबंधित एजेंसी को देते हैं, लेकिन उनकी मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नहीं हो पाती। इसके चलते ग्राहक विकल्प के रूप में किसी दूसरे ब्रांड की शराब लेने विवश होते हैं।

- मैकडॉवेल, आरएस, आरसी जैसे ब्रांड ज्यादातर दुकानों से गायब
- ग्रामीण क्षेत्रों में मैकडॉवेल जैसे ब्रांड का पर्याप्त स्टॉक


फाइल फोटो

### ऑफ सीजन के बावजूद नहीं मिल रही रम

रम की डिमांड गर्मी के बजाय ठंड के दिनों में ज्यादा रहती है, ऐसे में गर्मी के दिनों में रम पीने वालों को उनकी पसंद के अनुरूप रम मिलनी चाहिए। शराब दुकानों में चर्चित ब्रांड की रम ओल्ड मंक, ब्लैकबेरी जैसे ब्रांड की रम नहीं मिल रही। पूरे सीजन में किसी भी शराब दुकानों में मैकडॉवेल नंबर वन की रम किसी भी शराब दुकान में नहीं मिली।

### इन चर्चित ब्रांड का टोटा

शहर के ज्यादातर शराब दुकानों में व्हिस्की में मैकडॉवेल नंबर वन के साथ ही आरएस, आरसी, आईबी, एसी नीट, सिग्नेचर, ब्लैंडर स्प्राइड, ओक स्मिथ, ब्लैक एंड व्हाइट, जैमसन के साथ ही एंटी क्यूटी, एटपीएम ब्लैक, एसी ब्लैक जैसे ब्रांड की व्हिस्की नहीं मिल पा रही हे। इसी तरह से बियर में लोगों को हैवर्ड फाइव थाउजेंड, बटवाइजर जैसे चर्चित ब्रांड की बियर नहीं मिल रही है।

### मॉनिटरिंग नहीं होने से परेशानी

शराब की बिक्री को लेकर आबकारी विभाग की टीम को मॉनिटरिंग का जिम्मा है। आबकारी विभाग द्वारा किन दुकानों में किस ब्रांड की मांग ज्यादा है, इसकी नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। इसके चलते दुकानों में चर्चित ब्रांड की शराब पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही है। साथ ही बार संचालकों को उनकी मांग के अनुरूप सभी ब्रांड की व्हिस्की उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि महीने के प्रथम सप्ताह में चर्चित ब्रांड की शराब के स्टाक में कमी हो सकती है। बाकी दिनों में पर्याप्त मात्रा में सभी ब्रांड की शराब मिलने का उन्होंने दावा किया।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर 8 से



**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में स्वामी परमार्थदेव के सानिध्य में तीन दिवसीय निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सूर्या गार्डन हाउसिंग बोर्ड कालोनी, फेस-1, सेजबहार में 8 से 10 मई तक लगाया जाएगा। शिविर का समय तीनों ही दिन प्रातःकाल में सुबह 5 से 7 बजे तक है। प्राणायाम, आसन, ध्यानायाम व जीवनशैली पर विशेष रूप से मार्गदर्शन इस शिविर में दिया जाएगा। इस अवसर पर पतजंलि के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर में प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है।

### अर्चना और पीयूष को मिला चिरायु का वरदान हृदयरोग से पीड़ित थे दोनों



**रायपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं चिरायु योजना की मदद से पहली कक्षा में पढ़ने वाली अर्चना और सात महीने के पीयूष को नया जीवन मिल गया। दोनों हृदय संबंधी समस्या से पीड़ित थे, जिनका इलाज एम्स और मुंबई के शिशु रोग अस्पताल में किया गया। सर्जरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों को हृदय रोग की समस्या से निदान मिल गया। ग्राम चिखली आरंग में रहने वाले आस कुमार प्रजापति की 7 वर्षीय बेटी अर्चना की हृदय गति असामान्य थी।

### पेंशनरों की 5 सूत्रीय मांगें, 15 को होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा पेंशनरों की लंबित मांग को लेकर 15 मई को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। 5 सूत्रीय मांगा के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनरों ने अपने 5 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 15 मई को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव बताया कि प्रदेश स्तरीय आंदोलन के संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और सभी जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन सूचना देकर अवगत करा दिया गया है।

## सरोना स्टेशन पर चल रहा विकास कार्य 60 प्रतिशत काम पूरा

# अमृत भारत के छोटे स्टेशनों में बड़ी सुविधा, रायपुर भिलाई के बीच सरोना बना अब बड़ा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत छोटे रेलवे स्टेशनों की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। रायपुर से लगे सरोना रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को गर्मी में धूप में खड़े रहकर ट्रेन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यहां चार बड़े शेड लगाए जा चुके हैं, जिससे यात्रियों को खासी राहत मिल रही है। स्टेशन के आधुनिकीकरण का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वर्तमान में एक नया फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है, जो चौड़ाई में रायपुर स्टेशन से भी बड़ा होगा। हरिभूमि टीम जब सोमवार को स्टेशन पहुंची। यहां प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ा दी गई है और पंखे, शुद्ध पानी, सोलर शेड जैसी कई आधुनिक सुविधाएं स्टेशन पर स्थापित की जा चुकी हैं। प्रवेश द्वार को भी आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जिससे स्टेशन की पूरी सूरत बदल गई है। रेलवे के इस प्रयास से अब यात्रियों को एक बेहतर और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलने की उम्मीद है।

हरिभूमि सरोकार

### छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधा

रायपुर से भिलाई के बीच सरोना स्टेशन अब छोटे स्टेशनों में आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर एक नया उदाहरण बनता जा रहा है। सरस्वती नगर और कुम्हारी जैसे अन्य हाल्ट स्टेशनों की तुलना में सरोना अब कहीं अधिक विकसित हो चुका है। हर दिन यहां से 800 से अधिक यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। यात्रियों की संख्या और सुविधाओं को देखते हुए रेलवे बोर्ड यहां कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज देने पर विचार कर सकता है। इससे यात्रियों को बड़ी ट्रेनों के लिए रायपुर जैसे मुख्य स्टेशन तक नहीं जाना पड़ेगा। स्टेशन पर न केवल प्लेटफार्म की संरचना में सुधार किया गया है, बल्कि बेहतर लाइटिंग, ट्रेन और कोच इंडिकेटर बोर्ड, साइनेज और अन्य यात्री सुविधाएं भी जोड़ी जा रही हैं।

शेड लगने से गर्मी में नहीं झेलनी पड़ रही धूप



### वेटिंग हॉल के साथ सुरक्षा भी

स्टेशन पर वेटिंग हॉल, पार्किंग के साथ प्लेटफार्म में आधुनिक कैमरा भी लगाया जा रहा है। योजना के तहत अन्य स्टेशनों में भी फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट एस्केलेटर, सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हॉल और टॉयलेट का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड, पार्किंग स्थान में वृद्धि, प्लेटफार्म एरिया का विस्तार, शेड, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन किया जा रहा है।



### योजना में छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशन शामिल

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास किया जाना है, जिसमें सरोना, उरकुरा, मंदिर हसौद, हथबंध, निपनिया, भाटापारा, डोंगरगढ़, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, भिलाई नगर, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर-नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और भिलाई स्टेशन शामिल हैं।

# पीएम श्री स्कूल में समर कैम्प का आयोजन आज से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में 7 से 15 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को सिखाया जाएगा। साथ ही योग प्राणायाम भी सिखाएंगे। पीएमश्री स्कूल में प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन छुट्टी में बच्चो के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की योग प्राणायाम और कलाकौशल चित्रकला, खेलकूद की जानकारी प्रदान की जाती है। पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस बार प्रशिक्षित शिक्षक संगीत, व्यवसायिक, क्राफ्ट ड्राइंग,ब्यूटी पार्लर आदि नियुक्त किए गए हैं। जिनके माध्यम से बच्चो में मनोरंजन के साथ साथ भविष्य में व्यवसाय से संबंधित कौशल प्राप्त होगा व साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उसे छुट्टी के दिनों में भी विभिन्न प्रकार के खेल, योग और कलात्मक जानकारी भी प्रदान किया जाता है। शिक्षा के साथ साथ उन्हें सभी प्रकार की अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी भी प्रदान की जाती है। इस वर्ष बच्चों को स्कूल ऑडिटोरियम में निःशुल्क शीतल पेय जिसमें गन्ने का रस, फ्रूटी, रसना आदि के साथ ब्रेकफास्ट भी दिया जाएगा। अलग अलग विषयों जैसे खेलकूद, योग, व्यायाम , चित्रकला, आर्टक्राफ्ट , स्पोकन इंगलिश, फूड कुकिंग, गुड टच और बेड टच, गार्डनिंग, की जानकारी प्रदान की जाएगी। समर कैंप के अंत में अधिकाधिक उपस्थिति व उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया जाएगा।

विद्यालय व आसपास के अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय समय में समर कैम्प जरूर भेजने की अपील की है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कल लॉटरी के लिए पात्र अपात्र की सूची चस्पा की जाएगी। जिसमें दावा आपत्ति 9 मई तक निर्धारित है। तत्पश्चात 10 मई को लॉटरी होगी। सुबह 9 बजे से लॉटरी के पश्चात दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। तत्पश्चात ही प्रवेश की पात्रता होगी।

## सत्यनारायण कथा का आयोजन..



**बलौदाबाजार।** जिला प्रेस क्लब में सोमवार को भगवान सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण विश्व के कल्याण हेतु मंगलकामना करना था। इस अवसर पर प्रेस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर लगेगा समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 7 मई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर लोक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मईको विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरौद में आयोजित होने वाले शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा, धाराशिव, हरदी, कारी, खैंदा(खैरा), कोहरौद, कुम्हारी, तुरमा, बम्हनपुरी, खैरा, चितावर एवं भालूकोना के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटमी शिविर में ग्राम पंचायत कड़ार, लेवई, परसवानी अ, मधुबन, जरहागांव, अकोली, अमलीडीह और कोटमी के ग्रामवासी शामिल होंगे। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला शिविर में ग्राम पंचायत चरौदा (क),छरछेद, दर्रा, देवरीकला, कोट(क), मोहतरा(क), पीसीद, सिनोधा, मुड़ियाडीह और छांछी के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान (प) शिविर में ग्राम पंचायत औरासी, चुचरूंगपुर, दतान(प), घिरघोल, गितकेरा, गुमा, सैहा, सरसेनी, बेल्हा और गातापार के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा शिविर में ग्राम पंचायत चकरवाय, चेंदेरी, चौरेंगा, दामाखेड़ा किरवई, तुलसी, तोरा, धोबनी और बनसांकरा के निवासी शामिल होंगे। इसीतरह नगर पंचायत लवन में गुरूघासीदास सांस्.तिक भवन, वार्ड क्रमांक–04 में रविदास वार्ड–1, पं.दिनदयाल उपाध्याय वार्ड–2, गुरूघासीदास वार्ड–3, बाजार वार्ड–4 और सदर वार्ड–5 के निवासी शामिल होंगे। समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन के सुशासन अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

## कार्टूनिस्ट दिवस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का बना लाइव कार्टून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा कार्टूनिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव का लाइव कार्टून पुणे से आए कार्टूनिस्ट राजेश नाइक ने बनाया। सिर्फ पांच मिनट में कार्टून बनाकर जब उन्होंने श्री साव को दिखाया तो वे जोर से हंस पड़े। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि, कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा के जुनून के कारण आज कार्टून के लिए हम सब मिले हैं और आज पूरे देश में कार्टून वॉच के कारण छत्तीसगढ़ को जाना जाता है। इस अवसर पर सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पर्यटन एवं संस्कृति के संचालक विवेक आचार्य, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, राजेश गनोदवाले, आर. कृष्णा दास, जोसेफ जॉन, प्रवीण शुक्ला सहित अनेक लोगों ने अपना कार्टून बनवाया।

# छग अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का गठन आरपी सिंह, जगत मिश्रा बनाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु छत्तीसगढ़ अधिकारी–कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कर कर्मचारी भवन में कार्यकारिणी का गठन किया गया।





एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी.आर.यादव ने बताया कि राज्य के शासकीय पेंशनरों की आर्थिक सामाजिक एवं चिकित्सा संबंधी समस्याओं के समयबद्ध निराकरण हेतु एक सशक्त संगठन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य से एसोसिएशन का गठन किया गया है। पेंशनरों की प्रमुख मांगों में सेवारत कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता प्रदान करना कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण शामिल है। एसोसिएशन इन मांगों को पूरा करने हेतु सतत प्रयास करेगा। श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गई है किन्तु इसके लाभ से पेंशनरों को वंचित रखने का निर्देश भी जारी किया गया है। ऐसी स्थिति में पेंशनरों की सामाजिक सुरक्षा संकट में पड़ सकती है। एनपीएस के अंतर्गत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन से परिवार का भरण–पोषण असंभव है, अतः पुरानी पेंशन योजना ओपीएस की बहाली के लिए भी एसोसिएशन संघर्ष करेगा। उक्त जानकारी बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष पीके हिरवानी द्वारा दी गई। कार्यकारिणी गठन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष जी.आर.चंद्रा पेंशनर्स एसोसिएशन के महामंत्री उमेश मुदलियार प्रांतीय सचिव सी.एल.दुबे विमलचंद्र कुंडू रामचंद्र टांडी नरेश वड़ेर संजय शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष होंगे हिरवानी

जिलाध्यक्षों में रायपुर पंकज नायक, अंबिकापुर योगेंद्रनाथ तिवारी, बिलासपुर राजकुमार मिश्रा, बीजापुर ए.सुधाकर राव, बेमेतरा आर.के.वर्मा, बलरामपुर नरेश ठाकुर, बलौदाबाजार पी.के. हिरवानी, बालोद संतोष कुमार नायक, दुर्ग आनंद मूर्ति झा, धमतरी विजय पदमवार, जीपीएम कमाल खान, जगदलपुर डॉ. एस.जहीरूद्दीन, जांजगीर चांपा एम.पी. राठौर, जशपुर जी.आर.यादव, कोरबा नकुल राजवाड़े, कोरिया शंकर सुवन मिश्रा शामिल हैं। कबीरधाम संतोष साहू, कांकेर प्रदीप कदम, मुंगेली नंदन प्रसाद देवांगन, रायगढ़ शेख कलीमुल्लाह, सारंगढ़–बिलाईगढ़ थानेश्वर चन्द्रा, सूरजपुर मोह. सलीम खान, सुकमा जगदीश कनौजिया, कोंटा बी.रामा राजू एवं सक्ती जिलाध्यक्ष भोलाशंकर तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वही रायपुर संभाग अध्यक्ष के पद पर विमलचंद्र कुंडू को नियुक्त किया गया है।

### प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी

इस अवसर पर श्री यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष आर.पी. सिंह, जगत नारायण मिश्रा, ए.के. भार्गव, ललित पांडे, राजेंद्र चंद्राकर, व्ही.के.थवानी, एम.पी.आड़े होंगे। महामंत्री उमेश मुदलियार सहमहामंत्री राजेंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव सी.एल दुबे, राजेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष सुहास चिपड़े होंगे। कार्यकारिणी सदस्यो में एस.पी. करोशिया, के.एल.अग्रवाल, राजीव कस्तूरे, दिलीप चतुर्वेदी, श्रीमती मधु सूद, श्रीमती सी. एक्का, एल.पी.श्रीवास, सुरेश उपाध्याय, अभिनव सिंह को शामिल किया गया है।

# अंडरब्रिज का रेलवे,नपा के अफसरों व जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका भाटापारा अंतर्गत हटरी बाजार गुरुद्वारा के समीप वर्षों से बंद पड़े रेलवे अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, रेलवे विभाग से सीनियर ए.डी.ई.एन टी. मोहम्मद, ए.डी.एस.टी. प्रदीप कुमार, एस.एस.सी. सिग्नल सुधीर मिश्रा तथा नगर पालिका भाटापारा से सभापति सतीश तलरेजा, कुंजराम कोसले, पार्षद सतीश साहू, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, जुन्नु तंवर, काके थड़वानी, हारून, राजू सलूजा, जैकी मोटवानी, सोनू ख़ान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान एवं स्वास्थ्य विभाग प्रमुख आनंद राठौड़ सहित अन्य अधिकारी एवं वार्डवासी शामिल रहे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अंडर ब्रिज की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा नियमित निगरानी की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

**अंडरब्रिज के कारण होता है जलभराव:** यह अंडरब्रिज क्षेत्र में जलभराव की प्रमुख वजह रहा है, जिससे हर वर्ष स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शीघ्र अंडर ब्रिज की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था को सुधारने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं ताकि नागरिकों को आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ग्राम पंचायतों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : कलेक्टर

## 50 ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन जुड़े, सरपंच एवं सचिव से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण एवं समाधान शिविर आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों पेयजल, निस्तारी सहित अन्य समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होंने 50 ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन जुड़े सरपंच एवं सचिव से चर्चा की। पंचायतो के विकास एवं समस्या निराकरण हेतु जरुरी निर्देश दिये।कलेक्टर ने आगामी दिनों में समाधान शिविर आयोजित होने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच,पंच सचिव व रोजगार सहायक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए पंचायत के विकास कार्यों एवं समस्याओ की जानकारी ली। उन्होंने समाधान शिविर में मुख्य ग्राम पंचायत सहित क्लस्टर अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच को शिविर में उपस्थित रहने कहा। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण तेजी से कराने तथा पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने कहा। कलेक्टर ने समाधान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासम्भव मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही सामाधान शिविरों में 3 – 4 हेल्पडेस्क की व्यवस्था के भी निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को जानकारी तत्काल मिल सके। उन्होंने शिविर स्थल में सुशासन मित्र के माध्यम से ग्रामीणों का सहयोग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।




**ये रहे उपस्थित:** बैठक में नव पदस्थ डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालीं 6 पंचायतें सम्मानित

मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढा निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब सफाई, रैली, शपथ, दीवाल लेखन आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 पंचायतों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं जल संचयन वाहिनी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया। सम्मानित होने वाले पंचायतों में विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत लिमाही, भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया एवं रामपुर, कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत नरधा, पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा एवं सिमगा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत संकरी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### जेएन मेडिकल कॉलेज के डीन से दुर्व्यवहार

**रायपुर।** शासकीय जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी के साथ बदसलूकी करने के आरोप में कम्युनिटी मेडिसिन के संविदा डॉक्टर कमलेश जैन को नोटिस जारी किया गया है। डीन कार्यालय में हुई इस घटना के मामले में उनसे सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। जारी नोटिस में इस बात का आरोप है कि सह प्राध्यापक डॉ. कमलेश जैन 30 अप्रैल को बिना अनुमति डीन डॉ. विवेक चौधरी के कार्यालय में प्रवेश कर गए और मौजूदा स्टाफ के सामने अनर्गल आरोप लगाकर दुर्व्यवहार करने लगे। समझाइश के बाद भी वे नहीं माने और संस्था प्रमुख से उलझते रहे। मेडिसिन के विभागाध्यक्ष के माध्यम से डॉ. जैन को नोटिस जारी कर इस घटना के बारे में जवाब मांगा है, संतोषजनक जवाब नहीं होने पर नुशासनहीनता की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। काफी सालों से संविदा आधार पर डॉ. कमलेश जैन मेडिकल कॉलेज में सह प्राध्यापक के रूप में पदस्थ हैं। अपने किसी कार्य के संबंध में वे डीन कार्यालय पहुंचे थे, जहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और काफी हंगामा हो गया।

### आमापारा में कारी तालाब के पास खुले चैंबर को किया बंद

**रायपुर।** आमापारा के कारी तालाब के पास मुख्य मार्ग किनारे चैंबर खुला होने से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ था। इसकी शिकायत स्थानीय रहवासियों ने जोन 7 कार्यालय में की। शिकायत मिलने पर जोन 7 की टीम ने इसे संज्ञान में लेते हुए खुले हुए चैंबर को बंद कराने की कार्यवाही स्थल पर की गई। रामनगर के गुलमोहर पार्क के समीप पीएमवाय आवासीय परिसर में सीवरेज निकासी के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर 7 वर्षीय बालक दिव्यांश की मौत होने के बाद महापौर मीनल चौबे के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शहर के दस जोन स्थित 70 वार्डों में खुले हुए चैंबर को सुरक्षित करने नगर निगम अभियान चला रहा है। सोमवार को शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्षेत्र में आमापारा के कारी तालाब के पास मुख्य मार्ग किनारे खुले चैंबर को जनजीवन की सुरक्षा के लिहाज से तत्काल बंद कराने की कार्यवाही की गई।

### पढ़ाई छोड़कर विरोध में बैठे छात्र, कहा- 6.30 बजे नहीं पहुंच सकते

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि जारी किए जाने के साथ ही छात्रों द्वारा समय और तिथि को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। रविवि द्वारा परीक्षा का समय प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे पहुंचना होगा। छात्रों का कहना है कि कई परीक्षार्थी काफी दूर से आते हैं। ऐसे में सभी के लिए सुबह 6.30 बजे तक केंद्र पहुंच जाना संभव नहीं है। ऐसे में परीक्षा की शुरुआत कम से कम प्रातः 8 बजे हो। इसके अलावा छात्र परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने यह विरोध-प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे चले इस प्रदर्शन के दौरान विवि के प्रशासनिक भवन का मुख्य द्वार बंद ही रहा।

## दौड़ रहे सीमेंट संयंत्र के भारी भरकम ट्रक, दिन-रात बनी रहती है आवाजाही

# बलौदाबाजार-सुहेला मार्ग पर बढ़ा भारी वाहनों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

बलौदा बाजार से सुहेला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इस मार्ग पर स्थित 3 से 4 बड़े बड़े सीमेंट सयंत्र की वजह से ट्रकों और भारी मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही दिन-रात बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि हर 5 सेकंड में एक भारी वाहन गुजरता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी रहती है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर हालत में है और इसकी मरम्मत लंबे समय से नहीं की गई है। सड़क पर गड्ढों और खराब सतह के चलते दोपहिया वाहनों से सफर करना खतरनाक हो गया है। कई बार पहले भी सड़क हादसे हो चुके हैं और अब कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

इस मार्ग से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए – जैसे बैंक, पोस्ट ऑफिस, पटवारी कार्यालय और तहसील ऑफिस–जाना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें सड़क पार करनी होती है। भारी गति से गुजरते ट्रकों के चलते सड़क पार करना एक गंभीर समस्या बन चुकी है और लोगों में भय का माहौल है।

ग्राम सुहेला के त्रिगद्दा चौक के पास ग्रामीणों ने पुलिस व्यस्था की मांग की है, ताकि भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण रखा जा सके और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने यातायात नियंत्रण के लिए प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की अपील की है।

### 24 घंटे वाहनों का दबाव

राज ने बताया त्रिगड्डा चौक पर स्थायी पुलिस व्यस्था अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि 24 घंटों सभी गाड़ियां इसी चौक से होकर ही गुजरती है और लोगों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है गांव का मुख्य चौक है।

ग्राम सुहेला सरपंच प्रतिनिधि देवा घृतलहरे ने बताया ग्राम के त्रिगड्डा चौक में यातायात नियंत्रण हेतु पुलिस व्यस्था हेतु प्रस्ताव कल करवा देता हूं।

### लगातार बना रहता है भय

ग्रामीण हृदय राम ने बताया कि बलौदा बाजार से सुहेला मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से डर बना रहता है। खासकर तब जब कई चालक मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाते नजर आते हैं। इससे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पार करने से घबराते हैं। बनाए गए ब्रेकर से कुछ हद तक राहत जरूर मिली है, लेकिन सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है, जिसकी मरम्मत अब अत्यंत आवश्यक हो गई है।



### ग्रामीणों की मांगें

सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए। भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण हेतु ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। त्रिगदा चौक में स्थायी पुलिस व्यवस्था की जाए। स्कूल-कॉलेज टाइम में वाहनों की आवाजाही सीमित की जाए। व्यापारियों ने बताया कि अचानक से भारी वाहनों का आवागमन से धूल उड़कर के पूरे घर एवं व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं। हर घंटे में भारी मात्रा में धूल दुकान के अंदर घुस रहे हैं। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे भारी बीमारी होने का भी खतरा बढ़ गया है। प्रशासन शासन को इस पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

### पुलिस की मांग करें ग्रामीण

सुशासन त्यौहार का समय है, यदि ग्राम पंचायत यातायात नियंत्रण हेतु त्रिगड्डा चौक पर पुलिस व्यवस्था की मांग करती है तो प्रस्ताव कर या ज्ञापन देंगे तो उसे भेज दूंगा पुलिस डिपार्टमेंट को।
- शिमला अंशुल वर्मा, एसडीएम

## झोला छाप डाक्टर की क्लिनिक सील

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा त्वरित गति से की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए एक झोला छाप डाक्टर की क्लिनिक को सीलबंद किया गया और दो ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (आरएचओ) के कार्य स्थल में परिवर्तन किया गया। वहीं एक आरएचओ का वेतन रोका गया है। इसके साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा एक वरिष्ठ पशु चिकित्सक के कार्यस्थल में परिवर्तन किया गया। जानकारी के अनुसार पलारी में झोला छाप डा. विजय साहू द्वारा अवैध रूप से क्लिनिक संचालित करने की शिकायत पर एंटी क्वेक्स टीम द्वारा छापा और जांच कर संचालित क्लीनिक को सीलबंद की गई। विकासखंड कसडोल के उप स्वास्थ्य केंद्र नवागांव में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक जितेंद्र जांगड़े को प्रभारी सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर राजादेवरी एवं सुरेश कुमार धृतलहरे, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उप स्वास्थ्य केंद्र छाता को उप स्वास्थ्य केंद्र नवागांव कसडोल में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र हरिनभट्ठा विकासखंड पलारी के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपेंद्र साहू के संबंध में उनके द्वारा ड्यूटी पर नियमित रूप से उपस्थित न रहने इसके अंतर्गत प्राथमिक जांच पश्चात उनका वेतन आहरण रोक दिया गया है एवं शिकायत की विस्तृत जांच हेतु विभागीय समिति गठित कर नियमानुसार कार्रवाई करने खण्ड चिकित्सा अधिकारी पलारी को निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा बलौदाबाजार में पदस्थ वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एल. एन. जायसवाल को समय पर कार्यालय नहीं पहुँचने की शिकायत पर पशु चिकित्सालय लवन में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

- दो आरएचओ का कार्यस्थल बदला व एक का रुका वेतन

## पत्थर खदान ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी-रावन

पलारी विकासखंड के ग्राम मोहरा (पत्थरचूआ) और इसके आसपास के गांवों सेमराडीह, भालुकोना, परसाडीह, मुसवाडीह, भालेसुर में चूना पत्थर खदान की प्रस्तावित योजना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र की हरियाली, जल स्रोत और शांत ग्रामीण जीवन पर इस खदान का सीधा प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। खेतों में सालों से किसान खेती कर अपनी जीविका चला रहे हैं, परंतु खदान की स्थापना से सबसे बड़ा संकट पेयजल और सिंचाई पर आने वाला है। ग्रामीणों के अनुसार खनन प्रक्रिया से भूजल

स्तर में गिरावट आएगी, जिससे कुएं, हैंडपंप और तालाब सूखने लगेंगे। जब पीने का पानी ही नहीं बचेगा तो खेती और जीवन दोनों पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। यह भी बताया जा रहा है कि विस्फोटक, मशीनों और ट्रकों की

आवाजाही से धूल और ध्वनि प्रदूषण बढ़ेगा। ग्रामीण महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों की सेहत पर इसका गंभीर असर पड़ेगा। यही नहीं, क्षेत्र के जंगलों में रहने वाले वन्य जीव भी विस्थापन और खतरे का सामना करेंगे। जैवविविधता नष्ट हो सकती है, जो इस क्षेत्र की पहचान और संतुलन का अहम हिस्सा है। स्थानीय सरपंचों मोहरा से तारणी जवाहर वर्मा, मुसवाडीह से अंजलि सारथी और परसाडीह से रामखेलावन ध्रुव ने आशंका जताई है कि इस खदान से रोजगार से अधिक नुकसान होगा। किसानों की जमीनें जाएंगी, जल संकट गहराएगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और भी कठिन हो जाएगा। क्षेत्र में पहले से ही गर्मी के मौसम में पानी की कमी रहती है, ऐसे में खदान बनने से हालात और भी बदतर हो सकते हैं। 30 अप्रैल को आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण

उपस्थित हुए थे। उन्होंने शांतिपूर्वक प्रशासन के सामने अपनी बातें रखीं। उनका कहना है कि विकास की आवश्यकता सभी को है, लेकिन वह ऐसा विकास नहीं होना चाहिए जिसमें प्रकृति, जल और जीवन की कीमत चुकानी पड़े। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि शासन ने उनकी आवाज नहीं सुनी और परियोजना को मंजूरी दी, तो पूरे अंचल में संकट गहरा जाएगा।

- भूजल स्तर में आने लगी गिरावट, कुएं, हैंडपंप और तालाब सूखने लगे

## निःशुल्क रोग निदान शिविर में 294 मरीज हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित 180 बिस्तरों वाले मल्टीस्पेशलिटी चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में संस्थापक, समाजसेवी, लोहियावादी एवं पूर्व विधायक स्व. पं. बंशराज तिवारी की 100वीं जयंती पर निःशुल्क रोग परीक्षण एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 294 मरीजों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें 30 सोनोग्राफी, 74 खून एवं मूत्र जांच, 45 ईसीजी, 22 एक्स–रे, 37 एंडोस्कोपी तथा कुल 31 मरीजों की सर्जरी की गई, जिनमें हर्निया, हाइड्रोसील एवं बवासीर जैसी शल्य क्रियाएं शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त नेत्र, दंत, शिशु, अस्थि रोग, रक्तचाप एवं मधुमेह के मरीजों का भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ स्व. पं. बंशराज तिवारी जी के परिजनों – अशोक कुमार तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, अभिषेक तिवारी, डॉ. नितिन तिवारी, डॉ. सु.ति तिवारी, सोनल तिवारी एवं डॉ. गीतिका शंकर तिवारी की उपस्थिति में वरिष्ठजनों डी.पी. जैन एवं एस.एम. पाद्येय द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रमोद शुक्ला, पीयूष मिश्रा, लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. नरेंद्र कर्स, डॉ. रीतिक रायजादा, डॉ. राहुल देव, डॉ. रोशन देवांगन, संजय पांडेय, दीपक बांधे, बसंत वर्मा सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। संस्था द्वारा विगत 19 वर्षों से इस प्रकार का सेवा शिविर लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी मरीजों, उनके परिजनों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथ ही, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आगंतुकों को शीतल पेय वितरित कर सेवा में भागीदारी निभाई। डॉ. नितिन तिवारी एवं डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने जानकारी दी कि हॉस्पिटल में ट्रॉमा, स्त्री एवं प्रसूति, न्यूरो सर्जरी, जनरल मेडिसिन, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, प्ल्, पीडियाट्रिक, यूरो सर्जरी, कैंसर संबंधी रोगों के साथ अब कैथ लैब की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सेवाएं क्षेत्रवासियों को प्रदान की जाएंगी।

- 31 मरीजों की सर्जरी की गई, 22 एक्सरे किए गए



## खरतोरा में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

गिरौदपुरी में जाति जनगणना आभार कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब का आगमन हुआ, इस दौरान उनका स्वागत खरतोरा नाका में किया गया। उनके साथ विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्र घृतलहरे के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला महासचिव दिव्यम त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, अश्वनी वर्मा, बिशेसर वर्मा, शशिकांत वर्मा, ईश्वर चन्द्रवंशी, मिलन साहू, रसूल बेग, रिंकू वर्मा, गोल्डी मरैय्या, किरण यादव, अश्वनी महिलांग,योगेश धीवर, महेन्द्र सुरतांगे, हर्षु वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, भावेश वर्मा, बाबा खान, युवराज साहू, शुभम भतपहरी, सचिन त्रिपाठी, अंकित जोशी, सतीश वर्मा, किशोर वर्मा, मनीष वर्मा, यशवंत वर्मा, तुषार यादव, राजेश यादव, मंत्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### जिले में मालवाहकों...

जाता है। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं, जिसमें मजदूरों की जाने भी जा चुकी है। बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। हमेशा ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजरते देखे जा सकते हैं, लेकिन समझाइश देने या कार्रवाई करने वाला कोई नहीं, इसलिए बेखौफ थाने के सामने से गुजर रहे हैं।

### शिक्षक भर्ती के ...

मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के समक्ष पत्रचार के माध्यम से प्रस्तुत करेंगी, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष नियुक्तियों की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। मुलाकात के दौरान अभ्यर्थी कमल प्रसाद, झषकेतन कुमार साहू, राम जायसवाल, गीतांजली कौशिक, .ष्णा साहू, ओंकार दास, आनंद कैवर्त्य, शशिकांत पटेल, गायत्री साहू सहित अन्य डी.एड अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

### किसी भी क्षेत्र ...

नवीन अग्रवाल ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मूल्य निष्ठ समाज की स्थापना के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन ने कहा कि बच्चे मां बाप के घर रुपी बगिया के सुंदर फूल है, जीवन में इन्हें महकने के लिए पौष्टिक भोजन के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा रूपी खाद पानी देना आवश्यक है, तभी ये बच्चे बड़े होकर संसार रूपी बगिया को महकायेंगे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सुनीता, विनोद भाई, भरत भाई, घनाराम, रेशम माता, बिंदु बहन रिखीराम धीवर, सुलोचना, विशाल, सहित बड़ी संख्या में बच्चे और उनके पालक गण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना का...

कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी वाहन चालक परमेश्वर कुर्रे 45 निवासी गबौद थाना पलारी को हिरासत में लिया गया, आरोपी द्वारा अत्यंत तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क दुर्घटना करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 300 से अधिक...

दुकानों में अक्सर सर्वर संबंधित समस्याएं आती रहती हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर इसे लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब देखना यह होगा कि खाद्य विभाग इस बार समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राशन उपलब्ध कराता है।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**






### सशिमं में 5वी-8वी का परीक्षा परिणाम जारी

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में को जिला केंद्रीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक प्रमाण का परीक्षा 5वी - 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा प्रमुख भारत लाल वर्मा एवं कंचन द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कथा पांचवी में प्रथम स्थान लक्ष्य देवांगन पिता नारामण्ण–प्रसाद देवांगन 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तिल्दा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान पर बहन आकृति साहू पिता दुष्यंत साहू 93 प्रतिशत प्राप्त किया, तृतीय स्थान पर बहन घनिष्का देवांगन पिता कृष्ण कुमार देवगन एवं कक्षा आठवी में प्रथम स्थान पर कुशाली कोसरिया पिता अमर कोसरिया 93.83प्रतिशत प्राप्त किया। दूसरा स्थान पर बहन गीगंजली देवांगन पिता दीपक देवांगन 93.17 प्रतिशत प्राप्त किया, तीसरे स्थान पर किया तीसरे स्थान पर बहन फाटीना बंजारे पिता भागदास बंजारे 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं सभी आचार्य , दीदी व मां बाल उल्याण समिति रोहिणी पुरम के अध्यक्ष वल्लभ लहौटी, व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष मयंक बैस, निलेश अग्रवाल, निवेश अन्तनान, शिल्पा डागा एवं समस्त समिति के सदस्यों ने स्थान बनाने वाले भैया बहीनों को आशीर्वाद दिये।

### हथियार लहराकर डराने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** हथियार लहराकर लोगों को डरा धमका रहे व्यक्ति पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बाजारपारा, बागबाहरा के पास आरोपी दीपक साहू पिता परमानंद साहू (38 साल) को अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराते धमकाते हुए पाया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 08 मई 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में प्रातः10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

**निधन**

### टीकाराम गिरी



**मुंडा।** ग्राम पंचायत गबौद (मल्लीन) के पूर्व सरपंच टीकाराम गिरी 36 वर्ष का 6 मई को निधन हो गया। वह पूर्व सरपंच बुद्धवंतीन गिरी के छोटे पुत्र चंद्रकुमार गिरी के भाई राजकुमारी गिरी के पति व भावेश कुणाल और ऐश्वर्या गिरी के पिता थे। पूर्व सरपंच के निधन से गांव में शोम है।

# कौड़िया पंचायत के सरपंच ने कलेक्टर के समक्ष रखी गांव की समस्याएं

## सड़क निर्माण, पेयजल की किल्लत, सिंचाई व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति की समस्या उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया (पलारी)

जिले में चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के तहत सोमवार को कुसमी में आयोजित समाधान शिविर में कौड़िया पंचायत के सरपंच प्रदीप वर्मा ने अपने ग्राम की वर्षों लंबित समस्याओं को कलेक्टर दीपक सोनी के समक्ष रखा। उनके प्रयासों की ग्रामीणों ने सराहना की।

सरपंच वर्मा ने कहा कि कौड़िया में बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामवासियों को लंबे समय से परेशान कर रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण, पेयजल की किल्लत, सिंचाई व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति की अनियमितता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वर्मा ने कलेक्टर से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर ग्राम के समग्र विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।



### समस्याओं पर हो त्वरित कार्रवाई

कलेक्टर दीपक सोनी ने समाधान शिविर में सभी प्रस्तुत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचे और जनता की सक्रिय भागीदारी से शासन अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बने। शिविर में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने भी अपनी–अपनी समस्याएं व सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि शासन आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

### सरपंच के प्रयासों की ग्रामीणों ने की सराहना

इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरपंच प्रदीप वर्मा के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि वे ग्राम की आवाज को सही मंच पर पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सरपंच वर्मा ने शिविर में भाग लेकर न केवल समस्याएं उठाईं, बल्कि ग्राम विकास के प्रति अपनी गंभीरता और प्रतिबद्धता भी दर्शाई।

## अभियान : शक्ति कान्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया सुशासन तिहार

# शिविर में मिले सभी आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से प्रारंभ हो गया है। नगर पालिका सिमगा के शक्ति कान्वेंट स्कूल परिसर में मंगलवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया गया। वहीं शिविर स्थल में अपनी मांगो एवं समस्याओं को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। आज के शिविर में 1228 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 1141 मांग एवं 87 शिकायत के आवेदन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी 1228 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है, सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास एवं भूमिहिन के आवेदन प्राप्त हुए थे। शिविर में 11 विभागों का स्टाल लगा था। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, मत्स्य, .षि, राजस्व, आयुष्मान कार्ड, खाद्य, नगरीय प्रशासन एवं विधुत विभाग ने अपने स्टाल लगाए थे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को दिया। शिविर की मानिटरिंग तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा स्वयं कर रहे थे। वहीं उक्त शिविर में आबकारी, श्रम, सहकारिता, आधार पंजीयन, बैंकिंग, का स्टाल नदारद था। शिक्षा एवं वन विभाग में निरंक रहा। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान एवं वंदन योजना के 10, मोतियाबिंद के 1, नेत्र रोग के 10 तथा महिला बाल विकास विभाग में 4 माताओं की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। समाधान शिविर में तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा के साथ पटवारी सिकेश ध्रुव, एवं नगर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

बहुजन आन्दोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ सरकार लोगों कि मूलभुत मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सुशासन तिहार मना रही है, लेकिन धरातल पर शिवरों में उनके कई विभागों के अधिकारियों की अनु उपस्थिति यह बयां कर रही है कि क्या यही सुशासन तिहार है। जहां संबंधित अधिकारी स्वयं न आकर अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को शिविरों में भेज रहे हैं। जबकि अनेक ऐसे कई प्रकरण एवं मामले हैं जो आज भी पेंडिंग है।

ग्रामीण क्षेत्र में कल 7 मई को ग्राम पंचायत बंसाकरा के मिडिल स्कूल में समाधान शिविर आयोजित है। जहां बनसांकरा, चक्रवाय,चंदेरी, चौरेंगा, दामाखेड़ा, किरवई, तुलसी, तोरा, धोबनी के ग्रामीण अपनी समस्याओं तथा मांगों को लेकर एवं उसके निराकरण संबंधी मामलों के लेकर पहुंचेंगे।

# जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है सरकार




**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनसेवा और सुशासन के संकल्प को साकार करने की दिशा में चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत सोमवार को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा ब्लॉक के देवरी में आयोजित समाधान शिविर में भाग लिया। शिवरतन शर्मा ने शिविर में ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया और बिजली, पानी, सड़क, मकान, साफ–सफाई, राशन कार्ड जैसी अन्य मूलभूत जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जल्द ही समाधान के लिए कहा. साथ ही हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह अभियान जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को जनता के और निकट लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। अब जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, सरकार स्वयं उनके द्वार पर आ रही है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे शिविर के माध्यम से सुशासन को हर नागरिक तक पहुँचाया जा रहा है।

■ सुशासन तिहार में शामिल शिवरतन शर्मा ने किया संवाद, शिविर में अधिकारियों से शीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए कहा

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निःशक्तजनों को मिली व्हीलचेयर दिनचर्या में होगी सुविधा



बलौदाबाजार। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड सिमगा के ग्राम चण्डी निवासी रमेश निषाद एवं ग्राम सोनबरसा निवासी फूलचंद बंजारे द्वारा व्हीलचेयर की मांग को लेकर किए गए आवेदनों का समाधान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या में सुविधा मिलेगी। उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम ने बताया कि यह प्रयास सुशासन तिहार के उद्देश्यों के अनुरूप है जिसमें पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित किया जाता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, जिससे जिले के अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सकें। व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद दोनों हितग्राहियों ने शासन–प्रशासन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में एक नया उत्साह लेकर आया है। इससे उन्हें न केवल चलने–फिरने में सुविधा होगी, बल्कि वे अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों में भी अधिक सक्रियता से भाग ले सकेंगे।

### किसान को मिला सम्मान निधि पत्र और किसान क्रेडिट कार्ड



**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत पलारी विकासखंड के ग्राम कुसमी में आयोजित शिविर में किसान दीनदयाल घृतलहरे को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 किश्त की 36 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित राशि का प्रमाण पत्र तथा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। शासन की इस पहल से लाभान्वित होकर घृतलहरे ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि को वह अपने आने वाले किसानी के दिनों में कृषि कार्य के विस्तार में उपयोग करेंगे। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड उन्हें कृषि कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस शिविर में राजस्व, कृषि, पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान किया। दीनदयाल घृतलहरे ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड मिलने से अब उन्हें बीज, खाद, कीटनाशक आदि की खरीदी के लिए निजी ऋणदाताओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने सरकार की इस किसान हितैषी पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

■ किसानों ने शासन के प्रति जताया आभार

## छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 छंद बद्धकृतियों का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



काव्य का विमोचन 4 मई को राजधानी रायपुर में हुआ। वृन्दावन हाल में आयोजित छंद के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि अभिलाषा बेहार (सचिव राजभाषा आयोग) अध्यक्षता रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर शर्मा विभागाध्यक्ष हिन्दी कल्याण महाविद्यालय भिलाई थे। संस्थापक अरुण निगम के संयोजन में आयोजित गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ी भाषा के 10 छंद बद्धकृतियों का विमोचन हुआ। उक्त मौके पर रचनाकारों को छन्द रतन सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनीराम साहू मितान भी छंद रतन सम्मान से सम्मानित हुए। विमोचन कार्यक्रम में 22 जिलों के साहित्यकार उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के 20 साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति दी। .ति के विमोचन पर दीपांजलि साहित्य मंच सिमगा के साहित्यकार दिनेश उपाध्याय, घनश्याम देवांगन, नथमल झंवर लवकुश सेन, सहित अंचल के साहित्यकार चोवाराम वर्मा, कौशल साहू, मोहन वर्मा, खिबीराम साहू, कैलाश शर्मा, अजय अमृतांशु आदि ने बधाई दी है।

## छग सिख संगठन धार्मिक यात्रा के लिए अमृतसर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा




छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित गुरुद्वारा बंगला साहिब, दिल्ली, नानकमत्ता साहिब, रीठा साहिब, नैनीताल मसूरी, पाऊटां साहिब, आनंदपुर साहिब, अमृतसर पंजाब धार्मिक यात्रा 6 मई को रायपुर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा धार्मिक यात्रा में पहुंची संगत का स्वागत किया। जत्थेदार बलजीत सिंह चावला, गुरुमीत सिंह टोनी, गुरु चरण सिंह ने बताया यह यात्रा अपने 12वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सिख, सिंधी श्रद्धालु शामिल हैं। लगभग 180 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए भाटापारा गुरुद्वारा गुरु सिंध सभा द्वारा लंगर भोजन की व्यवस्था की गई है। यात्रा का कार्यक्रम 6 मई रायपुर से रवाना होकर ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन, कर यात्रा सुबह 17 मई रायपुर पहुंचेगी। इस यात्रा के प्रमुख सेवादार इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले प्रमुख सेवादारों में जत्थेदार प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, संरक्षक हरपाल सिंह भामरा, अरूण छाबड़ा हरमिंदर चावला, आलोक मोदी, अनिल जयसवाल, अमरजीत सलूजा, बलवंत छाबड़ा, यशदीप छाबड़ा, गुरमीत सिंह टोनी, निर्वैर सिंह सागर, गुरु चरण सिंह नीकू, मोनू सलूजा, यशवंत सिंह सहित भारी संख्या से समाज प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

## कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंचे रहे नगरवासी

# भागवत कथा में शिव-पार्वती विवाह की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




नगर के धर्मप्रेमी ओम प्रकाश जायसवाल परिवार की ओर से उनके निज निवास पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन जारी है। कथा के तीसरे दिन पं. शत्रुघ्न प्रसाद पांडे ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा ईश्वर प्रेम का प्रतीक है। यह कथा गुरु–शिष्य परंपरा को दर्शाती है, जहां गुरुदेव सुखदेव महाराज ने अपने शिष्य राजा परीक्षित को भगवान श्री कृष्ण की कथा रूपी अमृत का पान कराकर आत्मज्ञान की ओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि जो स्वयं से जुड़ जाता है, वह कभी अकेलापन महसूस नहीं करता। तीसरे दिन की कथा में ऋषि कपिल मुनि एवं शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

शिव–पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव जब बारात लेकर पहुंचे, तो उनके साथ भूत–प्रेत और गण भी बाराती बने थे। शिवजी का भस्म से सजा रूप और भूतों की बारात देखकर माता पार्वती की माता मैनावती ने इस विवाह से इनकार कर दिया। तब पार्वती ने शिवजी से आग्रह किया कि वे विवाह की मर्यादाओं का पालन करें। देवताओं के अनुरोध पर शिवजी ने अपना दिव्य रूप धारण किया, जिसे देखकर सभी प्रसन्न हुए और फिर विवाह संपन्न हुआ। कथा के दौरान आयोजक परिवार द्वारा शिव–पार्वती विवाह की सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गई। भगवान शिव की भूमिका में बेबी जायसवाल, माता पार्वती की भूमिका में मौली जायसवाल तथा गणों के रूप में रियांश, सिद्धि और श्रेयस मंच पर प्रस्तुत हुए। कथा में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गिरिजा देवी, ओमप्रकाश जायसवाल, पार्वती देवी रामेश्वर, अनुसूया देवी नारायण प्रसाद, कमला देवी लखनलाल, मनीषा देवी गणेश प्रसाद, प्रतिमा चितावर जायसवाल, जया आशीष जायसवाल, आकांक्षा अमित जायसवाल सहित जायसवाल परिवार के सदस्य एवं नगर के अनेक धर्मप्रेमी महिला–पुरुष श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411